Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 08 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 41

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीजेपी नेता की दिनदहाड़े हत्या, घर के पास बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां

**कटिहार (आरएनएस)।** बिहार से बड़ी खबर सामने आई है। यहां के कटिहार जिले में बीजेपी के एक नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कटिहार के पूर्व जिला पार्षद बीजेपी नेता संजीव मिश्रा के तौर पर हुई है। हत्या की यह घटना तेलता थाना क्षेत्र के तेलता हाई स्कूल के पास की है। जानकारी के मुताबिक बीजेपी नेता के घर के सामने ही हत्या की इस घटना को अंजाम दिया गया। बाइक सवार दो की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने संजीव मिश्रा को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में गोली लगने से बीजेपी नेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हत्या की इस घटना को पुरानी रंजिश के कारण अंजाम दिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है इस मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

### समाचार पत्र पढ़ते समय शख्स को पड़ा दिल का दौरा

**जयपुर (आरएनएस)।** एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राजस्थान में एक व्यक्ति को अखबार पढ़ते समय दिल का दौरा पड़ता दिख रहा है। बाद में उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित पचपदरा निवासी 61 वर्षीय दिलीप कुमार मदनी कपड़ा व्यवसायी हैं। चार नवंबर को वह एक सामाजिक कार्यक्रम के लिए सूरत से बाड़मेर आए थे। 5 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे बालोतरा के नयापुरा मोहल्ले में उनके दांत में दर्द हुआ और वह एक क्लिनिक गए। बाहर वेटिंग रूम में बैठकर अखबार पढ़ रहे थे। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह गिर पड़े। आदमी के गिरने की आवाज सुनकर रिसेप्शन पर बैठी लडक़ी उसकी मदद करती नजर आ रही है। डॉक्टर और दो से तीन अन्य भी उनकी मदद के लिए आए जिसके बाद उन्हें बालोतरा के नाहटा अस्पताल भेजा गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित के भाई महेंद्र मदनी ने एक बयान में कहा कि दिलीप पूरी तरह स्वस्थ थे। शव का पोस्टमार्टम किए बिना ही 5 नवंबर को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### भाई के साथ बहन ने दुनिया को किया अलविदा

**घोसी (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के मऊ जिलें के घोसी ब्लाक क्षेत्र के बीबीपुर गांव में जब एक भाई की मृत्यु की सूचना पाकर पहुंची एक सगी बहन भी भाई के साथ इस लोक को अलविदा बोल गई। बताते चलें कि घोसी ब्लाक क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी कुबेर शर्मा (70 वर्ष) की रविवार को मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा परिचितों व रिश्तेदारों को दी गई। सूचना पाकर बडरांव ब्लाक क्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव निवासिनी उनकी सगी बहन शनिचरी देवी (80 वर्ष) भी पहुंची। भाई के शव को देखने के बाद वो सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं और वहीं अचेत होकर गिर पड़ीं। लोगों द्वारा जब डॉक्टरों को दिखाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आनन फानन में शनिचरी देवी का शव उनके गांव विश्वनाथपुर लाया गया और उसी दिन भाई के साथ उनका भी अंतिम संस्कार किया गया।

### सुधीर सूरी हत्याकांड में एस.आई.टी. की कार्यवाई तेज, ट्रैक रिकार्ड खंगालने में जुटी टीम

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** सुधीर सूरी कत्लकांड की जांच के लिए पंजाब सरकार द्वारा बनाई गई एस.आई.टी. एक्शन में आ गई है। बताया जा रहा है कि एस.आई.टी. ने हत्यारे संदीप का ट्रैक रिकार्ड खंगालना शुरू कर दिया है। पता चला है कि जांच टीम ने संदीप की दुकान में इलेक्ट्रानिक गैजेट्स जैसे मोबाइल, एप्पल वॉच और लैपटॉप आदि को जब्त कर लिया है और इसके साथ ही संदीप की कॉल डिटेल्स भी खंगालनी शुरू कर दी है। वहीं अमृतपाल के साथ सामने आई वीडियो संबंधी भी छानबीन शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अमृतपाल से मुलाकात के दौरान उनकी बातचीत हुई थी। बता दें कि सुधीर सूरी की हत्या के बाद विरोधी गुटों द्वारा पंजाब सरकार को घेरा जा रहा था, जिसके बाद पंजाब सरकार ने एक्शन में आते हुए सुधीर सूरी कत्लकांड की जांच के लिए एक एस.आई.टी. का गठन कर दिया, जोकि इस मामले में गहनता से जांच कर रही है। वहीं पंजाब सरकार ने इस मामलें सुधीर सूरी के परिवार को पूरा इंसाफ दिलाने का भी वायदा किया है।

# केंद्र सरकार की बड़ी जीत, गरीब सवर्णों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण पर एससी की मुहर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने दाखिले और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण पर मुहर लगा दी है। 103वें संविधान संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने गरीब सवर्णो के लिए 10 फीसदी कोटा को सही ठहराया। कोर्ट ने कहा कि इस कोटे से संविधान का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इससे पहले कोर्ट ने इस मसले पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

चीफ जस्टिस यूयू ललित और अपना फैसला पढ़ते हुए जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने ईडल्ब्यूएस आरक्षण को सही करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोटा संविधान के मूलभूत सिद्धांतों और भावना का उल्लंघन नहीं करता है। चीफ जस्टिस और जस्टिस माहेश्वरी के अलावा जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने श्वङ्खस् कोटे के पक्ष में अपनी राय दी। उनके अलावा जस्टिस जेपी पारदीवाला ने भी गरीबों को मिलने वाले 10 फीसदी आरक्षण को सही करार दिया। कुल मिलाकर 5 में से 3 जजों ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया है। एक जज ने सरकार के खिलाफ अपना फैसला सुनाया है। जजों ने कहा है कि संसोधन न्याय के खिलाफ है।



बता दें कि सामान्य वर्ग के गरीब तबके को जनवरी 2019 में यह आरक्षण दिया गया था। आज इस पर यह फैसला आया है। सीजेआई की अध्यक्षता वाली बैंच ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। दरअसल, सरकारी नौकरी और हायर एजेकुशन में दिए गए इस 10 प्रतिशत रिजर्वेशन को असंवैधानिक बताने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच ने 7 दिनों तक मामले को विस्तार से सुना और 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रखा था। इसके बाद आज 7 नवंबर को फैसला सुनाने की बात कही गई थी। चीफ जस्टिस के अलावा बेंच के बाकी 4 सदस्य जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, एस रविंद्र भाट, बेला एम त्रिवेदी और जमशेद बी. पारडीवाला हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, माइनिंग लीज मामले में पीआईएल सुनवाई योग्य नहीं

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री और उनके करीबियों द्वारा शेल कंपनियों में निवेश और गलत तरीके से माइनिंग लीज लेने के आरोपों से संबंधित जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के योग्य नहीं माना है। यह जनहित याचिका झारखंड हाईकोर्ट में शिवशंकर शर्मा नामक शख्स ने दायर की थी, जिसके मेंटेनेब्लिटी पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री सोरेन और झारखंड सरकार ने सुप्रीम में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटिशन) दायर की थी। सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में इस मामले से संबंधित पीआईएल की सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पे्टीशन पर अगस्त महीने में हुई सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने सोमवार को यह फैसला दिया कि शिवशंकर शर्मा नामक शख्स की ओर से हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इसके पहले झारखंड हाई कोर्ट ने इस याचिका को मेंटेनेबल यानी सुनवाई योग्य माना था। राज्य सरकार और हेमंत सोरेन की अपील पर इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हाईकोर्ट में दाखिल पीआईएल की मेंटेनेब्लिटी पर सवाल उठाया था।

## डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत

**कानपुर (आरएनएस)।** झींझक-रूरा मार्ग पर गेंदामऊ गांव के सामने सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्री की जान चली गई। सडक़ पर ओवरटेक कर रहे बाइक सवार पिता-पुत्री को पहले डंपर ने टक्कर मारी और फिर चालक फंसी बाइक को 50 मीटर तक खींचता ले गया। इससे बाइक समेत दोनों की ट्रक के पहिये से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित चालक डंपर छोडक़र फरार हो गया। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ को पुलिस ने समझाकर शांत कराया।

मंगलपुर की ग्राम पंचायत जुरिया के मजरा जलिहापुर निवासी सोनू पांडेय अपनी छह वर्षीय पुत्री दिव्या उर्फ रिद्धि के साथ बाइक से रूरा आ रहे थे, बाइक को उनका चचेरा भाई राघव चला रहा था। रूरा झींझक मार्ग में गेंदामऊ पुल के पास ओवरटेक करने के दौरान बाइक में बराबर पर चल रहे डंपर चालक ने कट मार दिया। इससे अनियंत्रित बाइक डंपर के नीचे आ गई, फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटती हुई चली गई। हादसे में बाइक सवार पिता पुत्री की डंपर से कुचलकर मौत हो गई। बाइक चला रहा राघव छिटककर दूर गिरने से मामूली घायल हो गया और सकुशल बच गया।

घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। आरोपित चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर में फंसी बाइक को निकलवाया और कब्जे में लिया है। दिवंगत के भाई आलोक ने बताया कि पिता-पुत्री कानपुर जाने के लिए बस पकडऩे रूरा जा रहे थे। थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कराई जा रही है, मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बेंगलुरु कोर्ट का बड़ा आदेश, कांग्रेस और भारत जोड़ो ट्विटर हैंडल को ब्लॉक करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस को बेंगलुरु कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कांग्रेस और उसकी भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैंडल को ब्लॉक करने के लिए कहा है। बता दें कि कांग्रेस के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत शिकायत दर्ज हुई थी। एमआरटी म्यूजिक कंपनी ने कांग्रेस के खिलाफ कॉपीराइट का केस किया था। आरोप है कि इन हैंडल पर केजीएफ-2 फिल्म के गानों के साथ वीडियो शेयर किए गए। ऐसा करते हुए कॉपीराइट का कथित रूप से उल्लंघन किया गया।



याचिकाकर्ता द्वारा सबूत के रूप में सीडी पेश करते हुए ये सिद्ध किया कि उसके ओरिजनल वर्जन का इस्तेमाल कुछ मामूली बदलावों के साथ हुआ है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया है कि इस प्रकार के मार्केटिंग वीडियोज पाइरेसी को बल देते हैं। इसी वजह से आदेश में साफ कहा गया है कि दोनों कांग्रेस और भारत जोड़ो के ट्विटर हैंडल से उन वीडियोज को हटाया जाए जहां ये गाने इस्तेमाल हुए हैं। वहीं दोनों के ही ट्विटर हैंडल को भी ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है। इस प्रकार के मार्केटिंग वीडियोज से पाइरेसी को बल मिलता है। कोर्ट ने अपने आदेश में ट्विटर को दो हैंडल से तीन लिंक हटाने का निर्देश दिया और आगे कांग्रेस व भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैंडल को ब्लॉक करने का आदेश दिया। जिस वीडियो में केजीएफ 2 से गाने का इस्तेमाल किया है, उसमें राहुल गांधी भी दिख रहे हैं।

शिकायतकर्ता ने कहा था कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल की यह गैरकानूनी हरकत रूल ऑफ लॉ और निजी व्यक्तियों या संस्थाओं के अधिकारों की घोर अवहेलना है, जबकि वह इस भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन इस देश में शासन करने का मौका तलाशने और आम आदमी व व्यवसायियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए कर रहे हैं। इस पूरे मामले में धारा 403, 465 और 120बी आर/डब्ल्यू धारा 34 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 के तहत और धारा 63 कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत केस दर्ज हुआ है।

## जेल में है जान का खतरा, धमकी दे रहे पूर्व डीजी और जैन- सुकेश चंद्रशेखर ने फोड़ा तीसरा 'लेटर बम'

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पचास करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाने वाले महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक और चि_ी लिखी है। पहले दो लेटर में केजरीवाल सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन और जेल डीजी संदीप गोयल पर गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं इस बार भी दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना को लिखे पत्र में सुकेश चंद्रशेखर ने दावा किया है कि पत्र लिखने के बाद सत्येंद्र जैन और संदीप गोयल की तरफ से उसे लगातार धमकी मिल रही है। उसने कहा कि जेल में उसकी जान को खतरा है।

बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर ने एलजी विनय कुमार को तीसरी बार लेटर लिखा है। उसने पत्र में पैसे के लेन देन को लेकर आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाए थे। इन लेटरों में उसने सत्येंद्र जैन और संदीप गोयल पर भी प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगाया है। सुकेश ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।



दरअसल इससे पहले ठगी और हेरफेरी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने शुक्रवार को एक लेटर अपने वकील के नाम लिखा था। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री सतेंद्र जैन नाम लेकर उसने काफी कुछ लिखा है। इसमें खासतौर पर 2017 में हुई डिनर पार्टी का जिक्र किया गया है।

इस लेटर में ज्यादातर सवाल सीधा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछे गए हैं। उसने केजरीवाल से पूछा कि अगर वह देश का सबसे बड़ा ठग है तो उसे राज्यसभा सीट का ऑफर क्यों दिया गया था। उसने यह भी आरोप लगाया था कि इसके उससे 50 करोड़ रुपए लिए गए थे। उसने आरोप लगाया कि जेल में उसे धमकाया जा रहा है। लेकिन वह किसी से डरने वाला नहीं है।

सुकेश ने लेटर में इस बात का जिक्र किया था कि अरविंद केजरीवाल ने उसे कारोबारियों को पार्टी में जोडऩे और उनसे 500 करोड़ रुपये इक_ा करने का लक्ष्य दिया था। साथ ही इतना कर लेने पर उसे कर्नाटक में पार्टी का बड़ा पद भी देने का झांसा दिया गया।

सुकेश ने लेटर में बताया है कि साल 2016 में उसने हैदराबाद के होटल हयात में डिनर पार्टी आयोजित किया था। इस पार्टी में अरविंद केजरीवाल शामिल हुए थे। इसी समय उसने केजरीवाल को 50 करोड़ रुपये दिए थे। इस पार्टी में केजरीवाल के साथ सत्येंद्र जैन भी शामिल हुए थे। इस पैसे का लेनदेन कैलाश गहलोत के असोला फार्म पर किया गया था।

सुकेश ने पहले लेटर में दावा किया था कि उसने आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए प्रोटेक्शन मनी के तौर पर दिए थे। उस दौरान सत्येंद्र जेल मंत्री थे। सुकेश ने अपने पत्र में लिखा था कि सत्येंद्र जैन ने मुझे लगातार पैसे देने के लिए मजबूर किया।

## पिता की हत्या के आरोप में बेटी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

**मेरठ (आरएनएस)।** यूपी के मेरठ जिले के बहसूमा थाना पुलिस ने 20 वर्षीय एक लडक़ी और उसके 23 वर्षीय प्रेमी को लडक़ी के पिता की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। लडक़ी के पिता 2 नंवबर से घर से लापता थे। उनका शव गांव से बाहर एक बोरे मे ट्यूबवेल से बरामद हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) केशव कुमार ने बताया कि बहसूमा थाना क्षेत्र के रहावती गांव में सौतेली बेटी सिमरन उर्फ शबरन ने अपने प्रेमी आशीष के साथ मिलकर पिता सतवंत सिंह की हत्या की।




दोनों को गिरफ्तार कर शव को बरामद कर लिया है। परिवार ने मृतक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन मृतक के भतीजे के संदेह जाहिर करने पर पुलिस ने लडक़ी और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने पहले गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उन्होनें ने अपराध स्वीकार किया। एसपी ने कहा, पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट को हत्या की प्राथमिकी में बदल दिया है। दोनों आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## किसान अन्नदाता के साथ-साथ अब ऊर्जादाता भी बने - केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**मंडला (आरएनएस)।** मंडला, डिंडोरी एवं जबलपुर जिले की सडक़ परियोजनाओं का शिलान्यास करने के लिए केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंडला पहुंचे। पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि मंडला में प्रकृति का निवास है, यह रानी दुर्गावती की भूमि है तथा यहाँ कान्हा जैसा विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है। अत: आदिवासीजनों के विकास की सर्वोच्च जिम्मेदारी राज्य एवं केंद्र सरकार की है और इस विकास के लिए सडक़ें अत्यंत जरूरी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 2 वर्षों में केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सडक़ विकास के प्रस्तावों पर विस्तृत अध्ययन करते हुए योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। नितिन गडकरी ने प्रदेश सरकार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को अनेको बार कृषिकर्मण पुरूस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही अब मध्यप्रदेश कृषि उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। नितिन गडकरी ने कहा कि किसान अन्नदाता के साथ-साथ अब ऊर्जादाता भी बने।



केन्द्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने देशभर में ऊर्जा के क्षेत्र में परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई नई परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मध्यप्रदेश में परिवहन के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की संभावनाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि मंडला, डिंडौरी एवं अन्य जनजातीय क्षेत्रों में बांस के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है। बांस से भविष्य में इथेनॉल का निर्माण होगा जिससे परिवहन एवं अन्य क्षेत्रों के लिए ऊर्जा पैदा की जा सकेगी। नितिन गडकरी ने कान्हा-बालाघाट क्षेत्र में सडक़ विकास के लिए नए प्रोजेक्ट को 'गति शक्ति योजना' में शामिल करने की बात कही।

**मंडला-जबलपुर हाईवे की गुणवत्ता से असंतुष्ट, क्षेत्रवासियों से मांगी माफी-** केन्द्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में मंडला-जबलपुर हाईवे के बारे में चर्चा की। उन्होंने हाईवे निर्माण में गुणवत्ता से असंतुष्टि जाहिर की एवं मंडला एवं आसपास के क्षेत्र की जनता को सडक़ के कारण हुई परेशानी के लिए मंच से माफी मांगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजमार्ग के पुराने कार्य को रिपेयर करें तथा जल्द नया टेंडर जारी करें। नितिन गडकरी ने आगामी वर्षों में अलग-अलग परियोजनाओं के माध्यम से सडक़ एवं पुलों के विकास के बारे में चर्चा की।

**नर्मदा एक्सप्रेस-वे पर अध्ययन जारी-** केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत के सभी धार्मिक स्थानों तक पहुंचने के लिए लगातार बारहमासी सडक़ों का निर्माण जारी है। उन्होंने अमरकंटक से लेकर धार-झाबुआ तक नर्मदा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के संबंध में कहा कि इस मार्ग के निर्माण के लिए मंत्रालय द्वारा अध्ययन कार्य जारी है। इस मार्ग के विकास से नर्मदा प्रदक्षिणा करने वाले श्रद्धालुओं को निश्चित रूप से लाभ होगा। नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी भाषा में प्रारंभ करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सभी विद्यार्थियों की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गरीब एवं वंचित वर्गों तक विकास को पहुंचाना हमारा संकल्प है।

**प्रदेश सरकार सडक़ों का जाल बिछाने के लिए लगातार प्रयासरत-- शिवराज सिंह चौहान-** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुलिस लाइन ग्राउंड कार्यक्रम में 5 सडक़ परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार चारों तरफ सडक़ों के जाल बिछाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने मंडला, डिंडोरी एवं जबलपुर क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी गई नई 5 सडक़ परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को मंच से धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 3 लाख किलोमीटर से अधिक की सडक़ें बनाई जा चुकी हैं।